# कलेक्टर के केवलारी दौरे में उठे तीखे सवाल

## अवैध उत्खनन, जल संकट और रॉयल्टी चोरी पर पत्रकारों ने कलेक्टर से की खुली चर्चा

**केवलारी नवभारत। सिवनी जिले की कलेक्टर शीतला पटले के केवलारी दौरे के दौरान स्थानीय पत्रकारों ने क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं को जोरदार तरीके से उठाते हुए प्रशासन का ध्यान कई गंभीर मुद्दों की ओर आकर्षित किया। निरीक्षण के दौरान हुई चर्चा में पत्रकारों ने स्पष्ट कहा कि केवलारी विकासखंड में अवैध गतिविधियाँ और प्रशासनिक लापरवाही आम जनता के लिए बड़ी परेशानी बनती जा रही हैं।**




पत्रकारों ने सबसे पहले केवलारी क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहे अवैध उत्खनन का मुद्दा उठाया। उनका कहना था कि क्षेत्र में कई स्थानों पर बिना अनुमति के रेत और अन्य खनिजों का उत्खनन किया जा रहा है, जिससे न केवल शासन को भारी राजस्व हानि हो रही है बल्कि पर्यावरण और नदी तंत्र पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। पत्रकारों ने आरोप लगाया कि कई बार शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार विभागों द्वारा अपेक्षित कार्रवाई नहीं की जाती।

इसके साथ ही जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों में भी भारी लापरवाही का मामला सामने आया। पत्रकारों ने बताया कि कई गांवों में पाइपलाइन बिछाने और जल आपूर्ति से जुड़े काम अधूरे पड़े हैं, वहीं कहीं-कहीं गुणवत्ता को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों को अभी तक योजना का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है, जिससे लोगों में असंतोष बढ़ता जा रहा है इसके साथ ही नगर क्षेत्र में बढ़ते जल संकट का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया।

चर्चा के दौरान सबसे गंभीर आरोप शासकीय रेत खदानों में रॉयल्टी चोरी को लेकर लगाए गए। पत्रकारों ने बताया कि शासन द्वारा स्वीकृत रेत खदानों में ठेकेदारों द्वारा बड़े पैमाने पर अनियमितताएं की जा रही हैं। आरोप है कि रेत ठेकेदार लंबी दूरी की फर्जी रॉयल्टी काटकर स्थानीय रेत माफियाओं को एक ही रॉयल्टी पर कई ट्रिप रेत बेच रहे हैं। इससे शासन को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है।

पत्रकारों ने जानकारी दी कि रेत ठेकेदार द्वारा स्थानीय माफियाओं के साथ मिलकर रतलाम, शिवपुरी और श्योपुर जिलों की दूरी दर्शाकर रॉयल्टी काटी जाती है। इन जिलों की दूरी के आधार पर रेत परिवहन के लिए लगभग 20 घंटे का परिवहन समय मिल जाता है। रेत माफिया इसी समय का फायदा उठाकर एक ही रॉयल्टी पर तीन से चार ट्रिप रेत स्थानीय स्तर पर परिवहन कर देते हैं और चार गुना मुनाफा कमाते हैं।

इस पूरे खेल में शासन को चार गुना रॉयल्टी का नुकसान झेलना पड़ रहा है। पत्रकारों ने यह भी आरोप लगाया कि इस अवैध कमाई का कुछ हिस्सा कथित रूप से जिम्मेदार अधिकारियों और कुछ जनप्रतिनिधियों तक भी पहुंचाया जाता है, ताकि करोड़ों के इस पूरे भ्रष्टाचार पर पर्दा डाला जा सके।

पत्रकारों ने कलेक्टर से मांग की कि इन सभी मामलों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि शासन को हो रही राजस्व हानि रोकी जा सके और क्षेत्र में पारदर्शिता व कानून का राज स्थापित हो सके।

केवलारी दौरे के दौरान उठे इन सवालों ने यह साफ कर दिया कि क्षेत्र में विकास योजनाओं और खनिज गतिविधियों को लेकर जमीनी स्तर पर कई गंभीर चुनौतियां मौजूद हैं, जिन पर प्रशासन को ठोस और प्रभावी कार्रवाई करनी होगी।

# नेशनल किकबॉक्सिंग में बेटियों का शानदार प्रदर्शन

## अनुप्रिया ने जीता सिल्वर लौटने पर भव्य स्वागत




**सिवनी नवभारत।** स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया एवं युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशन तथा वाको इंडिया किकबॉक्सिंग फेडरेशन के सहयोग से चेन्नई (तमिलनाडु) में 26 से 29 मार्च 2026 तक आयोजित खेलो इंडिया अस्मिता वूमेंस नेशनल किकबॉक्सिंग लीग 2025-26 में सिवनी (मध्य प्रदेश) की बेटियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले एवं प्रदेश का गौरव बढ़ाया।

प्रतियोगिता में अनुप्रिया कौरव ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में दमदार प्रदर्शन किया और फाइनल मुकाबले में मात्र एक अंक के अंतर से गोल्ड मेडल से चूक गईं। इस उपलब्धि पर उन्हें 10,000 की नगद पुरस्कार राशि (चेक) भी प्रदान की गई। वहीं ऐश्वर्या ब्रह्मवंशी एवं अनन्या साहू ने अपने प्रथम नेशनल स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेते हुए सराहनीय प्रदर्शन किया। नेशनल स्तर तक पहुंचना ही एक बड़ी उपलब्धि है, जो उनके उज्ज्वल भविष्य की ओर संकेत करता है।

उल्लेखनीय है कि अनुप्रिया कौरव, ऐश्वर्या ब्रह्मवंशी एवं अनन्या साहू ने इंदौर (मध्य प्रदेश) में आयोजित वेस्ट ज़ोन किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए इस नेशनल लीग के लिए क्वालिफाई किया था तथा चेन्नई में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व किया।

चेन्नई से लौटने पर सिवनी में इन प्रतिभाशाली बेटियों का भव्य स्वागत किया गया, जहां खेलप्रेमियों एवं नागरिकों ने फूलमाला पहनाकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया तथा उनकी उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया।

खेलो इंडिया अस्मिता किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता के अंतर्गत इस वर्ष लगभग 20.14 लाख की नगद पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है, जिससे प्रतियोगिता का स्तर और अधिक प्रतिस्पर्धात्मक रहा।

## एक नजर में

### विधायक ने किया भाजपा महिला मोर्चा महामंत्री का अभिनंदन



**सिवनी।** विधायक दिनेश राय मुनमुन ने भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री का अभिनंदन किया। आज नवनियुक्त भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री श्रीमती ज्योति राजपूत का सिवनी प्रथम नगर आगमन पर जिला भाजपा कार्यालय मे आयोजित स्वागत एवं सम्मान समारोह मे विधायक दिनेश राय मुनमुन ने जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन एवं पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं के साथ सहभागिता किया। इस दौरान श्री राय ने श्रीमती राजपूत को पुष्प गुच्छ भेंटकर अभिनंदन किया और उनके उज्जवल कार्यकाल हेतु शुभकामनाएं प्रेषित किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधियों, जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों, मोर्चा/ प्रकोष्ठों के पदाधिकारीगण, मातृशक्ति एवं वरिष्ठ देवतुल्य ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं की गरिमामय उपस्थिति रही।

### हवन, महाआरती और भंडारे में हजारों श्रद्धालु हुए शामिल



**सिवनी।** हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर गुरुवार को जिला अस्पताल के सामने सर्किट हाउस चौक स्थित रुद्रावतार हनुमान मंदिर में भव्य और दिव्य धार्मिक आयोजन हुआ। सुबह से लेकर देर रात तक चले कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरा मंदिर परिसर भक्तिरस में सराबोर रहा।कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 6 बजे हनुमान जी के अभिषेक पूजन से हुई,जिसमे विद्वान पुरोहितों एवं मंदिर के पुजारी अर्जुन पण्डा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत हनुमान जी महाराज का पूजन किया गया। इसके बाद हनुमान जी का आकर्षक चोला श्रृंगार कर भव्य आरती संपन्न हुई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। दोपहर 2 बजे से हवन का आयोजन प्रारंभ हुआ, जो शाम तक चला। हवन के बाद श्री राम स्तुति एवं सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं 108 दीपो से महाआरती की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान मंदिर परिसर जय श्रीराम और जय बजरंगबली के जयकारों से गूंज उठा। शाम 5 बजे मंदिर समिति द्वारा गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई, जो बालरूप हनुमान मंदिर, शुक्रवारी चौक पहुंची, जहां महाप्रसाद का भोग लगाया गया। इसके बाद मंदिर परिसर में कन्या पूजन एवं कन्या भोज का आयोजन किया गया।शाम 6 बजे से शुरू हुआ विशाल भंडारा देर रात तक चलता रहा।

### आम फलबहार की नीलामी 08 व 09 अप्रैल को

**सिवनी।** सहायक संचालक उद्यानिकी विभाग सिवनी डॉ. आशा उपवंशी ने बताया कि उद्यानिकी विभाग के अधीनस्थ रोपणियों में आम फलबहार की नीलामी की जानी है। प्रस्तावित नीलामी तिथि 08 अप्रैल 2026 को दोपहर 12:00 बजे शासकीय संजय निकुंज सिवनी रोपणी एवं शासकीय प्रोजनी आर्चर्ड सिवनी रोपणी में दोपहर 03:00 बजे से की जाएगी। इसी तरह 09 अप्रैल को प्रातः 11:00 बजे शासकीय संजय निकुंज गनेशगंज रोपणी में तथा शासकीय फलोद्यान लखनादौन में फलबहार आम की नीलामी दोपहर 03:00 बजे की जाएगी। 15 अप्रैल 2026 को दोपहर 12:00 बजे शासकीय रोपणी सुकतरा में तथा 16 अप्रैल 2026 को दोपहर 03:00 बजे शासकीय संजय निकुंज सुनवारा में तथा शासकीय रोपणी डोभ में प्रातः 11:00 बजे की जाएगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक व्यापारी नियत तिथि व समय से 01 घण्टे पूर्व तक बंद लिफाफे में नीलामी की बोली प्रस्तुत कर सकते हैं।



# श्री श्याम मंदिर में बैठक का आयोजन आज

**सिवनी नवभारत।** श्री श्याम मंदिर (ऑरेंज सिटी कॉलोनी ) में प्राण प्रतिष्ठा समारोह भव्य रूप में विधि विधान से संपन्न कराने रूपरेखा बनाने के लिए 4 अप्रैल शनिवार को शाम 7.00 बजे बैठक का आयोजन मंदिर प्रांगण में रखा गया है। इस मौके पर मंदिर समिति ने सभी धर्मावलंबियों से उपस्थिति का आग्रह किया है।

## केवलारी के सांदीपनि विद्यालय निर्माण कार्य का कलेक्टर ने किया निरीक्षण, समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश

# भवन के साथ खेल मैदान व रनिंग ट्रैक की होगी व्यवस्था



**सिवनी नवभारत।** आज केवलारी स्थित सांदीपनि विद्यालय के निर्माणाधीन भवन का कलेक्टर महोदया द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का बारीकी से जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों एजीम वरुण साहू एवं ठेकेदार इंजीनियर से विभिन्न कार्यों की जानकारी प्राप्त की। विद्यालय का 80त्न कार्य पूर्ण हो चुका है

कलेक्टर महोदया ने भवन के प्रत्येक ब्लॉक का निरीक्षण करते हुए निर्माण की गुणवत्ता, संरचना एवं प्रगति की समीक्षा की। उन्हें बताया गया कि विद्यालय भवन तीन मंजिला होगा, जिसमें ग्राउंड फ्लोर पर केजी (नर्सरी) सेक्शन, प्रथम तल पर प्राथमिक कक्षाएं तथा द्वितीय तल पर उच्चतर माध्यमिक कक्षाओं का संचालन किया जाएगा।

विद्यालय परिसर के पीछे मिड डे मील के लिए पृथक भवन तथा मल्टीपरपज हॉल (एमपी हॉल) का निर्माण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त भवन के दाहिने हिस्से में विद्यार्थियों के लिए खेल मैदान एवं रनिंग ट्रैक का निर्माण भी प्रस्तावित है, जिससे खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर महोदया ने सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने भवन विकास निगम एवं ठेकेदार एएनवी कंस्ट्रक्शन को जुलाई 2026 तक निर्माण कार्य पूर्ण कर संबंधित विभाग को भवन हैंडओवर करने के लिए कहा।

# श्रीमद् भागवत रोमाराम्य यात्रा का भव्य आयोजन 06 अप्रैल से



**सिवनी नवभारत।** शहर में धार्मिक आस्था का माहौल बनने जा रहा है, जहां 06 अप्रैल से श्रीमद् भागवत रोमाराम्य यात्रा का भव्य आयोजन प्रारंभ होगा। यह आयोजन श्री गणेश मंदिर, शंकराचार्य चौक, सिवनी से प्रारंभ होकर राजश्री पैलेस में संपन्न होगा।

कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिदिन दोपहर 1.00 बजे से कथा का शुभारंभ होगा, जबकि कथा वाचन का समय दोपहर 2.30 बजे से शाम 6.30 बजे तक निर्धारित किया गया है। 11 अप्रैल शनिवार को शाम 5 बजे से सुंदरकांड पाठ का विशेष आयोजन भी रखा गया है। इस अवसर पर पं. श्री प्रेमकृष्ण शास्त्री जी महाराज (सिवनी) द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराया जाएगा। कार्यक्रम में विभिन्न तिथियों पर भगवान के विविध प्रसंगों जैसे कृष्ण जन्मोत्सव, गोवर्धन पूजा, रासलीला, सुदामा चरित्र एवं अन्य धार्मिक कथाओं का वर्णन किया जाएगा। आयोजकों द्वारा समस्त श्रद्धालु भक्तों एवं धर्मप्रेमियों को इस दिव्य आयोजन में सपरिवार उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने हेतु सादर आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम का समापन 14 अप्रैल को पूर्णाहुति एवं महाप्रसाद वितरण के साथ होगा।

# ब्रह्मचारिणी बबली दीदी एवं अंजू दीदी का सिवनी आगमन



**सिवनी नवभारत।** तारण पंथ की विशिष्ट साधक एवं परम गुरु भक्त ब्रह्मचारिणी बबली दीदी एवं अंजू दीदी का जबलपुर की ओर पदविहार अनवरत जारी है। इसी क्रम में शुक्रवार, 03 अप्रैल 2026 को प्रात:कालीन बेला में उनका सिवनी नगरी के भैरोगंज जैन मंदिर में शुभ आगमन हुआ।

दीदी जी के आगमन पर समाज के पदाधिकारी, समाज बंधुओं एवं महिला मंडल के नेतृत्व में बैंड-बाजों के साथ भव्य स्वागत किया गया। स्वागत के दौरान पूरे क्षेत्र में धार्मिक उल्लास का वातावरण देखने को मिला। कमेटी के सचिव पीयूष जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि तारण तरण गुरु महाराज के रचित14 ग्रंथों का वाचन प्रतिदिन दीदी जी द्वारा मंदिर में किया जाएगा। समिति ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

### धनौरा में कव्वाली का आयोजन 05 को

**सिवनी नवभारत।** जिले के धनौरा विकासखंड मुख्यालय में सालाना उर्स कब्बाली मुकाबला 5 अप्रैल दिन रविवार रात्रि 8 बजे से ग्राम पंचायत प्रांगण धनौरा में है, जिसमे देश के प्रसिद्ध फनकारों बेबी गुलशन और हलीम ताज के बीच कब्बाली मुकाबला होना है। आयोजन समिति मुस्लिम जमात और समस्त ग्रामवासी धनौरा ने कार्यक्रम में पहुँचने की अपील की है।

# कुर्मी क्षत्रिय समाज का महिला सम्मेलन संपन्न, प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

**समाज के विकास के लिए राजनीतिक ताकत बढ़ाना आवश्यक है विद्यावती पटेल**

**सामाजिक परिवर्तन के लिए युवाओं को आगे आना होगा प्रशांत पटेल**

**राष्ट्रीय महिला अधिवेशन जबलपुर में ज्यादा से ज्यादा बहनों को चलना है आशा मोहन चंदेल**



**सिवनी नवभारत।** 1 अप्रैल महिला कुर्मी क्षत्रिय समाज जिला सिवनी का वार्षिक सम्मेलन आज ढूंढा सिवनी स्थित सात फेरे लान में संपन्न हुआ. सबसे पहले अखंड भारत के निर्माता सरदार पटेल के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ. तत्पश्चा कुर्मी गीत को पूरे सम्मान के साथ बजाया गया इस दौरान समस्त उपस्थित जनसमूह में अपने स्थान पर खड़े होकर कुर्मी गीत को सम्मान प्रदान किया।

इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं विधानसभा क्षेत्र गुढ़ जिला रीवा की पूर्व विधायक श्रीमती विद्यावती पटेल ने कहा कि निश्चित रूप से हमारे समाज ने तरक्की की है. कृषि शिक्षा एवं व्यापार के क्षेत्र में हम धीरे-धीरे आगे बढ़ रहे हैं परंतु समाज के समग्र विकास के लिए हमें राजनीतिक ताकत बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है। श्रीमती पटेल ने कहा कि इसके लिए हमें अपने समाज एवं पिछड़ा वर्ग के साथियों को साथ लेकर संगठित होना है। यह संभव है हमने विंध्य में कई बार इसे करके दिखाया है।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एवं कुर्मी समाज के राष्ट्रीय प्रभारी आईटी सेल प्रशांत पटेल ने कहा कि सामाजिक परिवर्तन के लिए हमारे नौजवान साथियों एवं बहनों को आगे आने की आवश्यकता है.

कार्यक्रम की आयोजक एवं महिला कुर्मी क्षत्रिय समाज की जिला अध्यक्ष श्रीमती आशा मोहन चंदेल ने कहा कि मुझे बहुत प्रसन्नता है कि आप सभी बहने बड़ी मात्रा में सम्मेलन में उपस्थित हुई है. श्रीमती चंदेल ने सभी बहनों से अधिक से अधिक संख्या में जबलपुर अधिवेशन में पहुंचने का आह्वान किया. कुर्मी क्षत्रिय समाज के जिला अध्यक्ष रमेश प्रसाद सनोदिया ने अपना अध्यक्षीय उद्बोधन दिया।

सम्मेलन को कुर्मी समाज के नेता नगर पालिका परिषद सिवनी के अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोदिया पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मोहन सिंह चंदेल जिला पंचायत सदस्य घनश्याम सनोदिया प्रदेश उपाध्यक्ष ददुआ पटेल श्रीमती आशा पटेल श्रीमती ज्योति सनोदिया डॉ गीतांजलि सनोदिया डॉ कीर्ति सनोदिया एवं सिविल जज कु अदिति सनोदिया ने भी संबोधित किया.

कार्यक्रम का संचालन समाज के महासचिव जितेंद्र सनोदिया ने किया एवं आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष श्रीमती योगिता सनोदिया ने किया. सम्मेलन के दौरान विशिष्ट उपलब्धियां प्राप्त करने वाली समाज की बेटियों को शॉल श्रीफल से सम्मानित किया गया.

इसमें चिकित्सा के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि हासिल करने पर डॉक्टर गीतांजलि सनोदिया एवं डॉक्टर कीर्ति सनोदिया को सम्मानित किया गया. कुमारी अदिति सनोदिया को सिविल जज की उत्कृष्ट सेवा में चयनित होने पर सम्मानित किया गया.

सम्मेलन को सफल बनाने में प्रमुख रूप से श्रीमती रश्मि अमित सनोदिया श्रीमती नीलम दिनेश सनोदिया श्रीमती रश्मि रविकांत सनोदिया गीता सनोदिया बिंदु सनोदिया अनुराधा सनोदिया मौसमी सनोदिया श्रीमती साक्षी चंदेल श्रीमती द्रौपदी चंदेल श्रीमती मालती संतोष पटेल श्रीमती रजनी पटेल श्रीमती आशा सनोदिया श्रीमती मेंम सनोदिया श्रीमती मेंम कुमारी चंदेल श्रीमती प्रीति जितेंद्र सनोदिया श्रीमती लक्ष्मी गहलोत एवं श्रीमती सपना सनोदिया का विशेष योगदान रहा.

इस सम्मेलन में श्रीमती आशा पटेल श्रीमती रुक्मणी सनोदिया श्रीमती ज्योति सनोदिया श्रीमती सुषमा ज्ञानचंद सनोदिया गोपाल प्रसाद सनोदिया प्रोफेसर मानक चंद सनोदिया युवा अध्यक्ष गोपाल सनोदिया कपिल सनोदिया भारत बाबू सनोदिया राम सिंह सनोदिया राजू सनोदिया बाधी ओम शंकर पटेल सिंगोदी संतोष पटेल ढूंढा शिवनी एडवोकेट महेंद्र सिंह चंदेल जीवन सिंह चंदेल अर्पण कुमार संध्या सदानंद चंदेल एवं राकेश सनोदिया सहित बड़ी मात्रा में पुरुष एवं महिलाओं की उपस्थिति रही।

## टूर्नामेंट | टीम मंडला को हराकर जीता मैच, तीनों मैच जीतकर टीम यलो ने सेमीफायनल में बनाई जगह

# सिवनी येलो का दबदबा : फैज की धार और अक्षय की कप्तानी से 140 रन की जीत



**सिवनी नवभारत।** शहर के पॉलिटेक्निक मैदान में बीसीसी (बैनगंगा क्रिकेट क्लब) के तत्वाधान में आयोजित अंडर-19 लेदर बॉल चैंपियन ट्रॉफी में सिवनी येलो ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी मजबूत दावेदारी पेश की।

टीम ने मंडला को 140 रनों से हराकर न सिर्फ बड़ी जीत दर्ज की, बल्कि लगातार तीनों मैच जीतकर अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल करते हुए सेमीफाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली है।

सिवनी येलो ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 255/8 रन बनाए। इस दौरान विकल्प तिवारी ने 70 गेंदों में 176 रन की विस्फोटक पारी खेलकर मैच को एकतरफा बना दिया।

उनकी यह पारी टूर्नामेंट की सबसे बड़ी हाइलाइट बन गई।255 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मंडला टीम शुरुआत से ही दबाव में रही। इस दबाव को बढ़ाने का काम किया फैज कबीर ने अपनी सटीक गेंदबाजी से। अहम मौकों पर विकेट रन गति पर पूरी तरह नियंत्रण रहा और मिडिल ओवर्स में मैच का रुख पलट गया। फैज शानदार गेंदबाजी के चलते पूरी टीम 115 रन पर सिमट गई।

टीम की जीत में कप्तान अक्षय मिश्रा की भूमिका भी बेहद अहम रही। सटीक फील्ड सेटिंग के चलते उन्होंने सही समय पर गेंदबाजों का उपयोग किया। उनकी कप्तानी में टीम ने हर विभाग में संतुलित और आक्रामक खेल दिखाया।

### टीम का ऑलराउंड प्रदर्शन

सिवनी येलो- 255/8 (20 ओवर)

मंडला- 115/10 (19 .3 ओवर)

परिणाम- सिवनी येलो 140 रन से विजयी

विकल्प तिवारी, फैज कबीर और अक्षय मिश्रा की तिकड़ी इस समय सिवनी येलो की सबसे बड़ी ताकत बनकर उभरी है। टीम की मौजूदा फॉर्म को देखते हुए वह टूर्नामेंट की प्रबल दावेदार नजर आ रही है।



# राम मंदिर कलबोड़ी में हनुमान जयंती पर्व धूमधाम से मनाया गया

**सिवनी नवभारत।** आनंद वर्धन श्री राम मंदिर कलबोड़ी में हनुमान जयंती का पर्व धूमधाम से मनाया गया। श्री राम मंदिर में विराजित हनुमान जी महाराज की प्रतिमा को सजाया गया उनका चोला बदला गया।

पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार मंदिर के पुजारी आचार्य पंडित सुरेश तिवारी जी के सानिध्य में सायं काल में हनुमान जी महाराज का विशेष पूजन अर्चन किया गया।

तत्पश्चात स्थानीय कलाकारों के माध्यम से सुंदरकांड का पाठ एवं हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ किया गया। व भजन की प्रस्तुति दी गई। अंत में समस्त उपस्थित श्रद्धालु भक्तों को मिष्ठान एवं प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर श्री राम मंदिर समिति से जुड़े हुए समस्त भक्तजन एवं युवा साथी व महिलाएं बड़ी मात्रा में उपस्थित रहे।